# कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
# विद्युत भण्डार मण्डल
# पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड,
# विक्टोरिया पार्क, मेरठ

**पत्रांक : ४१५२ /प.वि.वि.नि.लि.,मे./भण्डार/टेण्डर** **दिनांक : 18/12/2024**

सेवा में,

1. विज्ञापन व्यवस्थापक,
   अमर उजाला,
   मेरठ

2. विज्ञापन व्यवस्थापक,
   हिन्दुस्तान,
   मेरठ

महोदय,

1. कृपया निविदा सूचना एक बार अपने प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र में **दिनांक 19.12.2024** तक कम से कम स्थान में (हिन्दी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 08–10 प्वाइन्ट टाइप में तथा अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 06–08 प्वाइन्ट टाइप के समाचार पत्र दो कॉलम में) प्रकाशित करने की व्यवस्था करें। हेडिंग व नीचे का नाम व पता यथासम्भव एक ही लाइन में रनिंग मैटर के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें।
2. कृपया संलग्न निविदा सूचनाओं का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ठ पर करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
3. प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ, विज्ञापन शुल्क का बीजक तीन प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की दो सम्पूर्ण वाउचर प्रतियॉं संलग्न करते हुए भुगतान हेतु प्रबन्ध निदेशक पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि., मेरठ/अधोहस्ताक्षरी को (जहॉं भुगतान क्षेत्रीय स्तर पर होना है) प्रेषित करें। विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन/भुगतान सम्भव नहीं होगा।
4. संलग्न हिन्दी/अंग्रेजी भाषा की विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र में अंग्रेजी भाषा में तथा हिन्दी समाचार पत्र में केवल हिन्दी भाषा में ही किया जाये।
5. विज्ञापन अपने मेरठ के संस्करणों में एक ही तिथि में प्रकाशित करना सुनिश्चित करें।
6. विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्वतः एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ भेज दी जाये अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन /भुगतान नहीं किया जायेगा।
7. यदि आपको सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय, भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकृत न हों तो कृपया विज्ञापन का प्रकाशन न करें तथा अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें।
8. विज्ञापन के अन्त में सबसे नीचे छोटे टाइप में राष्ट्र हित में बिजली बचायें का नारा तथा विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक अवश्य प्रकाशित करें।
9. उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गलत अथवा भद्दे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में कारपोरेशन द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती हैं, अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका /निरस्त किया जा सकता है।

**संलग्नकः निविदा सूचना – प्रथम एवं द्वितीय प्रति।**

**भवदीय**

**अधीक्षण अभियंता**
**विद्युत भण्डार मण्डल**
अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत भण्डार मण्डल
मेरठ

**पत्रांक : ४१५२ /पं.वि.वि.नि.लि.,मे./भण्डार/टेण्डर/दिनांक : 18/12/2024**

**प्रतिलिपि विज्ञापन सामग्री सहित निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ।
2. अधीक्षण अभियन्ता (मुख्यालय), पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, विक्टोरिया पार्क, मेरठ मो0–9193330042 को मय सॉफ्ट कॉपी एवं हार्ड कॉपी इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया उक्त विज्ञापन डिस्कॉम की वैब साईट पर अपलोड कराने की कृपा करें। email: tender@pvvnl.org अथवा pvvnltender@gmail.com, propvvnlmrt@gmail.com
3. N.I.E.L.I.T (DOEACC CENTRE) Unit, PVVNL, Meerut को डिस्कॉम की वेब साईट पर अपलोड करने के लिए।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ।
5. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत भण्डार खण्ड, सहारनपुर।

**संलग्नक : निविदा सूचना की प्रति।**

**अधीक्षण अभियंता**
**विद्युत भण्डार मण्डल**
अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत भण्डार मण्डल
मेरठ

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0,**
**विक्टोरिया पार्क, मेरठ**

## ई–निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरी द्वारा पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ के क्षेत्रान्तर्गत भण्डार सामग्रियों एवं परिवर्तको को एक भण्डार केन्द्र से दूसरे भण्डार केन्द्र पर ले जाने हेतु, जी0पी0एस0 सक्षम 01 नग वाणिज्यिक वाहन, क्षमता 04 टन, वाहन चालक सहित मय लादने, ढुलाई, उतारने तथा उचित चट्टा (टोल/बॉर्डर टैक्स सहित) लगाये जाने के कार्य हेतु ई–निविदा सं0– ESC/MRT/06/2024-25 विद्युत भण्डार खण्ड, सहारनपुर हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु धरोहर राशि रू0–20,000.00, एवं निविदा प्रपत्र मूल्य रू0–1,770.00 (कर सहित)। आमन्त्रित ई–निविदा में निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अन्तिम तिथि 03.01.2025 समय 13:00 बजे होगी तथा निविदा का प्रथम भाग उसी दिन सायं 16:00 बजे खोला जायेगा।

निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने, किसी भी संशोधन, विस्तारीकरण/शुद्धिकरण आदि सम्बन्धी सूचनाओं हेतु https://www.etender.up.nic.in एवं www.pvvnl.org पर लॉग ऑन करे।

**"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"**

**अधीक्षण अभियंता**
**विद्युत भण्डार मण्डल**
**मेरठ**

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत भण्डार मण्डल
मेरठ